पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कामगारों और श्रमिकों के कल्याण और उनको सशक्त बनाने के लिए 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' का शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया

“इस अभियान को गरीब कल्याण रोजगार अभियान के साथ जोड़ा गया है जिससे उत्तर प्रदेश के विकास को दोगुनी गति मिलेगी” - श्री अमित शाह

“आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' से न सिर्फ गांवों के बुनियादी ढांचे में सुधार आएगा बल्कि यह ग्रामीण भारत के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा”- केन्द्रीय गृह मंत्री

श्री अमित शाह ने कहा इस अभियान’ से उत्तर प्रदेश के करोड़ों कामगार और श्रमिक लाभान्वित होंगे

दिल्ली: 26 जून, 2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कामगारों और श्रमिकों के कल्याण और उनको सशक्त बनाने के लिए 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' का शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया है। अपने ट्वीट मे श्री अमित शाह ने कहा कि “इस अभियान को गरीब कल्याण रोजगार अभियान के साथ जोड़ा गया है जिससे प्रदेश के विकास को दोगुनी गति मिलेगी।” उन्होंने कहा कि “इस अभियान के तहत, पीएम आवास योजना, पीएम सड़क योजना, शौचालय निर्माण, एक्सप्रेसवे, वृक्षारोपण आदि जैसे विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। इससे न सिर्फ गांवों के बुनियादी ढांचे में सुधार आएगा बल्कि यह ग्रामीण भारत के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा।” केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ‘आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश

रोजगार अभियान' से प्रदेश के 31 जिलों के करोड़ों कामगार और श्रमिक लाभान्वित होंगे और उन्हें उनके घर के पास ही रोजगार के अवसर मिलेंगे।" श्री अमित शाह ने गरीब कल्याण व ग्रामीण विकास के इस अभूतपूर्व संयोजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिनन्दन किया।

https://twitter.com/AmitShah/status/1276473040025477121

https://twitter.com/AmitShah/status/1276473283731263488

https://twitter.com/AmitShah/status/1276474772331716608

***

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडी